**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 565**
**दिनांक 25.06.2019/4 आषाढ़,1941 (शक) को उत्तर के लिए**

**जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां**

**565. श्री दीपक बैजः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) जम्मू और कश्मीर (जे एंड के) में गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मारे गए आतंकवादियों और नागरिकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जम्मू और कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक के बाद आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं;

(ग) यदि हां, तो सर्जिकल स्ट्राइक के बाद कितने नागरिक और आतंकवादी मारे गए हैं;

(घ) क्या कुछ स्थानीय नागरिक आतंकवादियों का समर्थन कर रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा स्थानीय नागरिकों का विश्वास जीतने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): सरकार ने आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई है। सुरक्षा बल आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रभावी और निरंतर रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप हताहतों सहित ऐसी घटनाओं की संख्या में तद्नुरूप परिवर्तन हुआ है। विगत तीन वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए हैं। गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मारे गए आतंकवादियों और नागरिकों के बारे में ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

<u>लो.स.प्र.अता.स. 565 दिनांक 25 जून, 2019</u>

| घटनाएं | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 (16.06.2019 तक) |
|---|---|---|---|---|
| मारे गए आतंकवादियों की संख्या | 150 | 213 | 257 | 113 |
| मारे गए नागरिकों की संख्या | 15 | 40 | 39 | 18 |

(घ): सुरक्षा बल आतंकवादियों को सहायता प्रदान करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नज़र रखते हैं और उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हैं।

(ङ.): जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित के लिए समग्र विकास करने हेतु, प्रधान मंत्री ने 80,068 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज में सड़क क्षेत्र, विद्युत उत्पादन एवं पारेषण, स्वास्थ्य अवसंरचना, 2 एम्स, आईआईटी एवं आईआईएम की स्थापना और पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के रूप में 63 प्रमुख विकास परियोजनाएं शामिल हैं। हिमायत और उड़ान जैसी कई स्कीमों के तहत जम्मू और कश्मीर के युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार प्रदान करने के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। युवाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए सीएपीएफ के सिविक एक्शन प्रोग्राम के साथ साथ वतन को जानो कार्यक्रम, स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, खेलकूद इत्यादि पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

******